कार्यशाला : हिमालय क्षेत्र में सड़क निर्माण की चुनौतियों पर मंथन

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। हिमालीय क्षेत्र में सड़क अवसंरचना एक चुनौती विषय पर शनिवार को वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि में कार्यशाला आयोजित की गई।जिसमें हिमालयी क्षेत्र में सड़क अवसंरचना के विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श हुआ। इंस्टीट्यूटशन ऑफ इंजीनियर्स उत्तराखंड स्टेट सेन्टर देहरादून के सहयोग से कार्यशाला आयोजित की गई। आईआईटी रुड़की के प्रो. इन्द्रजीत घोष, इंस्टीट्यूटशन ऑफ इंजीनियर्स उत्तराखंड स्टेट सेंटर दून के चेयरमैन इंजी. नरेन्द्र कुमार यादव, लोनिवि के सेनि इंजी. एचके उप्रेती ने विचार साझा किये। मौके पर विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह, कुलसिचव डा. सत्येन्द्र सिंह मौजूद रहे।